कार्यालय–प्रधानाचार्य, माँ विन्ध्यवासिनी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय- मीरजापुर, उ0प्र0-231001

पत्रांक : मे0का0मी0 / विज्ञप्ति / चयन / 2022–23 / 961 दिनांक– 10.12.2022

विज्ञप्ति

माँ विन्ध्यवासिनी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, मीरजापुर में विभिन्न विभागों में एन0एम0सी मानकानुसार शैक्षिक अर्हता के अनुरूप **सीनियर रेजिडेन्ट्स एवं जूनियर रेजिडेन्ट्स / ट्यूटर** के रिक्त पदों को संविदा के आधार पर भरे जाने हेतु इस चिकित्सा महाविद्यालय के चयन समिति के द्वारा **वॉक–इन इन्टरव्यू** के माध्यम से किया जायेगा। **साक्षात्कार दिनांक–15 दिसम्बर 2022** को प्रधानाचार्य कार्यालय में **अपरान्ह 12:00** बजे से सायंकाल **5:00** बजे तक आयोजित किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि साक्षात्कार हेतु अपने समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, शोध प्रमाण पत्र एवं आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए उ0प्र0 शासन द्वारा निर्धारित प्रारूप में प्राप्त आरक्षण प्रमाण पत्र की स्व प्रमाणित छाया प्रतियों के एक सेट एवं उपरोक्त लिखित मूल प्रमाण पत्रों सहित उपस्थित हों। विस्तृत जानकारी हेतु माँ विन्ध्यवासिनी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, मीरजापुर की वेबसाइट **https://mvasmc.edu.in** तथा इस कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती।

(क)–सीनियर रेजिडेन्ट्स के रिक्त पदों का विवरण :–

क्र0 सं0	विभाग का नाम	पदों की संख्या	पदों की श्रेणी				
			सामान्य	ओ0बी0सी0	एस0सी0	एस0टी0	ई0डब्ल्यू0एस0
1	इमरजेन्सी मेडिसिन	06	03	01	02	–	–
2	जनरल मेडिसिन	03	01	02	–	–	–
3	जनरल सर्जरी	01	–	–	–	–	01
4	डेन्टिस्ट्री	01	–	–	01	–	–
5	रेडियोडायग्नोसिस	02	01	01	–	–	–
	योग	13					

(ख)– जूनियर रेजिडेन्ट्स / ट्यूटर के विभिन्न विभागों में रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर भरे जाने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी उपरोक्तानुसार समस्त अभिलेखों सहित उपस्थित हों। उक्त तिथि को साक्षात्कार में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि रिक्त पदों के भरे जाने के पश्चात शेष अभ्यर्थियों को प्रतीक्षा सूची में रखा जायेगा। यदि भविष्य में किसी भी विभाग में पद रिक्त होता है तो प्रतीक्षारत अभ्यर्थियों को सूचित कर रिक्त पदों को पूर्ण कर ली जायेगी।

चयन विभागीय नियमावली एवं समय–समय पर जारी शासनादेशों / नियमों के अनुसार किया जायेगा। ओ0बी0सी0 श्रेणी के अभ्यर्थियों को नवीनतम जारी प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होगा। आरक्षित श्रेणी के पद पर 03 बार साक्षात्कार होने के उपरान्त भी यदि आरक्षित श्रेणी का अभ्यर्थी उपलब्ध नही होता है तो उस आरक्षित श्रेणी के पद को सामान्य श्रेणी से भरा जायेगा।

प्रधानाचार्य
माँ विन्ध्यवासिनी स्वशासी राज्य चिकित्सा
महाविद्यालय, मीरजापुर।